नतालिया वोडियानोवा

नतालिया वोडियानोवा, मॉडल और लोकोपकारक,

नेकेड हार्ट फाउंडेशन, रूस

विश्व में समानता नहीं है। क्या यह उचित है?

कुल समय:

60 मिनट

आयु सीमा:

11-14 वर्ष

विषय

नागरिकता, सामाजिक विज्ञान

शिक्षण लक्ष्य:

- विभिन्न प्रकार की असमानता के बारे में जानना
- शोध के आधार पर एक संक्षिप्त लेकिन ठोस तर्क पेश करना
- उन प्रभावों को जानना जो असमानता के कारण व्यापक समाज और अर्थव्यवस्था पर हो सकता है

पाठ की तैयारी:

- परिचयात्मक गतिविधि के लिए पर्याप्त बिस्कुट / मिठाई / स्टिकर / बटन / पत्थर या काफी संख्या में कुछ छोट चीज़ें इकट्ठा करें।
- परिशिष्ट 1 पढ़ें
- परिशिष्ट 2 पढ़ें और तय करें कि क्या आप इन विचारों को पहली गतिविधि में जोड़कर उपयोग करना चाहते हैं
- परिशिष्ट 3 में वाक्य बुलबुले बनाऐं
- परिशिष्ट 4 की जानकारी का छात्रों के लिए प्रिंट लें

“दुनिया का सबसे बड़ा पाठ,” “वहनीय विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्वव्यापी लक्ष्य” की घोषणा का समथर्न करने के लिए, एक सहयोगपूणर् शिक्षा परियोजना है। यह परियोजना विश्वव्यापी लक्ष्य 17 "लक्ष्यों के लिए भागीदारियाँ" के महत्व का जीता-जागता सबूत है और यह हमारे साथ और आपस में काम कर रहे हमारे सभी भागीदारों की मदद के बिना संभव नहीं होता।

हमारी “संस्थापक टीम” का धन्यवाद:

unicef

AVIVA gettyimages PEARSON Standard Chartered Unilever

द्वारा संचालित: tes

द्वारा वितरित: UNESCO

द्वारा अनुवाद किया गया: Berlitz ELS Educational Services

और दुनिया भर के उन लोगों का विशेष धन्यवाद जिन्होंने हमारे साथ काम किया:

actionaid, Camfed, Connected Educator Month, Comic Relief, Design for Change, Discovery Education, edmodo.com, The Education World Forum, Education International, WE Free the Children, GCE Global Campaign for Education, GEMS Education, Global Partnership for Education, Google for Education, International Federation (Red Cross Red Crescent), LEGO education, Oxfam, girleffect.org, pci media impact, Plan, Raleigh International, Restless Development, RESULTS, Save the Children, Think Global, Up for School, Virgin, VSO, World Association of Girl Guides and Girl Scouts, World Vision

पाठ योजनाएँ Think Global के साथ मिलकर बनायी गयीं www.think-global.org.uk. एक न्यायपूणर् और वहनीय दुनिया के लिए शिक्षा को परोत्साहन देना

अध्ययन गतिविधि

10 मिनट

छात्र जब कमरे में प्रवेश करें, तो काफी सारी मिठाई / बिस्कुट / स्टिकर असमान रूप से वितरित करें। कुछ छात्रों के पास बहुत अधिक होना चाहिए, कुछ छात्रों के पास कुछ भी नहीं। ज्यादातर मिठाई / बिस्कुट / स्टिकर अपने पास रखें।

जब सभी छात्र बैठ जाऐं, तो यह सवाल पूछें: "क्या यह उचित है?" एक कक्षा के रूप इस पर चर्चा करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करें। छात्रों को इस बात पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें कि जो मिठाई / बिस्कुट / स्टिकर उनके पास हैं उसके लिए वे कैसा महसूस करते हैं।

छात्रों को समझाऐं कि आप सबसे अधिक इसलिए है क्योंकि क्योंकि आप सबसे बड़े हैं।

छात्रों से पूछें कि क्या यह उचित है और क्या आपको इस आधार पर मिठाई/बिस्कुट और स्टिकर फिर से बांटने चाहिए?

इस पाठ के लिए विषय के रूप में सामाजिक असमानता के विचार का परिचय दें। यह परिभाषा उपयोगी हो सकती है "ऐसी स्थिति जहां लोगों में समानता नहीं हैं क्योंकि कुछ समूहों के पास दूसरों की तुलना में अधिक अवसर, बिजली, और पैसे आदि है" (स्रोत; मैकमिलन शब्दकोश)

विभिन्नताऐं और विकल्प

असमानता के बारे में चर्चा आगे बढ़ाने को प्रोत्साहित करने के लिए, गतिविधियों को विस्तृत करने पर विचार करें। परिशिष्ट 2 में मिठाइयों का उपयोग करके छात्रों को असमानता के बारे में बताने के लिए, ऐसा एक विस्तारित पाठ चलाने के बारे में एक व्यक्ति के अनुभव का विवरण दिया गया है। इसे यहां विस्तार से लिखा गया है
http://www.theguardian.com/teacher-network/2015/jan/28/teach-students-equality-smarties

अध्ययन गतिविधि

10 मिनट

छात्रों के सामने परिशिष्ट 3 से असमानता के विभिन्न प्रकारों के बारे में सही या गलत कथन प्रस्तुत करें। छात्रों से कथन सही है या गलत यह तय करने के लिए स्वयं काम करने के लिए कहें।
अब छात्रों को सही जवाब बताऐं। इसके बाद इन कथनों पर चर्चा करें।

- क्या ऐसा कोई वक्तव्य था जिसने छात्रों को हैरान कर दिया?
- क्या कुछ ऐसे वक्तव्य थे जिसके बारे उन्हें लगा कि स्थिति को बदला जाना चाहिए?
- सभी वक्तव्यों में सामान्य बात क्या है?

आखिरी सवाल को इस बात का परिचय कराने के लिए प्रयोग करें कि असमानता किस तरह कई अलग अलग रूपों में हो सकती है।

अध्ययन गतिविधि

5 मिनट

छह कार्यकर्ताओं के वक्तव्य बुलबुलों (परिशिष्ट 3) को कमरे में चारों ओर प्रदर्शित करें। छात्रों से कहें कि वे कथनों को पढ़ें और जिससे वे सबसे अधिक सहमत हैं या जानते हैं उसके बगल में खड़े हो जाऐं।

कुछ छात्रों से अपने चयन का वर्णन करने के लिए कहें।

अध्ययन गतिविधि

20 मिनट

समानता के एक क्षेत्र के बारे में एक प्रस्तुति तैयार करने के लिए छात्रों को छोटे समूहों में बांट दें (आप उन्हें पिछली गतिविधि में वे जिस कार्यकर्ता के पास खड़े हुए थे उसके आधार पर आवंटित कर सकते हैं, लेकिन इसमें बराबर छात्र होने चाहिए)। छात्र परिशिष्ट 4 में दी गई जानकारी और जानकारी के अन्य स्रोतों का उपयोग कर सकते हैं- समाचार पत्र, इंटरनेट आदि

उनकी प्रस्तुति एक मिनट की होनी चाहिए और इसमें समझाया जाना चाहिए कि असमानता एक गंभीर मुद्दा क्यों है।

विभिन्नताऐं और विकल्प

छात्र परिशिष्ट 4 में तथ्य शीटों को उस व्यक्ति के जीवन में एक छोटे दिन में बदल सकते हैं जो असमानता का अनुभव करता है। उन्हें इस बात का वर्णन करना चाहिए कि यह उस व्यक्ति के लिए कैसा होता होगा, वे कठिनाइयां जिनको यह व्यक्ति सामना करता होगा, दैनिक संघर्ष, वे समस्याऐं आदि जो उसे भविष्य में सामने आ सकती हैं आदि

लोगों को घिसे पिटे समूहों से बचने के लिए इस गतिविधि को संवेदनशीलता के साथ संचालित किया जाना चाहिए ।.

अध्ययन गतिविधि

20 मिनट

प्रस्तुतियों को सुनने के बाद छात्रों से उस असमानता के लिए वोट करने के लिए कहें जिसके बारे में उन्हें लगता है कि सबसे अधिक कार्रवाई की आवश्यकता है और जिसके लिए वे सोचते हैं कि कक्षा को अधिक सोचना चाहिए।

छात्र उस असमानता के लिए वोट नहीं कर सकते हैं जिस पर उन्होंने प्रस्तुति दी है।

उनके छोटे समूहों में, छात्रों से उस असमानता के लिए एक 'प्रभाव श्रृंखला' बनाने के लिए कहें जिसके लिए कक्षा ने वोट किया था। छात्रों को उन सभी प्रभावों को लिखना है जो उनके अनुसार असमानता के परिणामस्वरूप उत्पन्न होंगे।
छात्रों को इसके प्रभावों को व्यक्तियों, परिवार, स्थानीय समुदाय, पूरे देश और विश्व स्तर पर सोचने के लिए उनका मार्गदर्शन करें। वे राजनीतिक, पर्यावरण, सामाजिक, और आर्थिक दृष्टि से भी इन प्रभावों के बारे में सोच सकते हैं।
हरे भरे स्थानों की असमान पहुँच का एक उदाहरण हो सकता है–

- लोग कम स्वस्थ होते हैं क्योंकि वे इमारतों और वाहनों से घिरे हुए रहते हैं।
- लोग कम स्वस्थ होते हैं क्योंकि उन्हें व्यायाम करने के लिए कम जगह होती है।
- बच्चे पौधे, वन्य जीवन और मौसम के बारे में नहीं जान पाते है।
- बच्चों के खेलने के लिए खुले और सुरक्षित स्थान नहीं होते हैं।
- फुटपाथ गंदे होते हैं क्योंकि लोगों को अपने कुत्तों को घुमाने के लिए जगह नहीं होती है।
- स्वास्थ्य पर अधिक पैसा खर्च करना पड़ता है क्योंकि लोग कम स्वस्थ होते हैं और इसलिए अधिक बीमार पड़ते हैं।
- छोटे घरों में रहने वाले परिवार अधिक तनावग्रस्त और दुखी रहते हैं क्योंकि उनके पास आराम करने के लिए उचित जगह नहीं होती है।
- अधिक बाढ़ आती है क्योंकि बारिश का जल निकास प्रणाली में प्रवेश कर जाता है और घास तथा पेड़ों की अनुपस्थिति के कारण यह जल और अधिक तेजी से नदियों में बह जाता है।

अध्ययन गतिविधि

5 मिन

छात्रों से वाक्य को पूरा करने के लिए कहें, "मेरे लिए, असामनता का अर्थ है....."

आप इसे उपयोग किए जाने वाले शब्दों की संख्या को सीमित करके अथवा वास्तविक दुनिया का एक उदाहरण शामिल करने पर जोर देकर योजनाबद्ध कर सकते हैं।

विस्तार या गृहकार्य गतिविधि

छात्रों से अपने स्थानीय क्षेत्र में ऐसी चीजों की पहचान करने के लिए कहें जो असमानता दर्शाती हैं, यहां तक कि तब भी यदि वे स्कूल से अपने घर तक के रास्ते में ऐसा कुछ देखते हैं। वे या तो इसकी तस्वीर ले सकते हैं या इसके बारे में एक संक्षिप्त विवरण लिख सकते हैं और इससे असमानता के प्रभावों का वर्णन कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए:

- फुटपाथ पर बढ़ती हुई झाड़ियां और बाड़ा जिनके कारण नेत्रहीनों को चलने में बाधा होती है।
- एक सार्वजनिक इमारत या स्थान पर ऊँची सीढ़ियां जिनके कारण पहियेदार कुर्सी वाले, धक्का कुर्सियों या उन लोगों को जिन्हें चलने में कठिनाई होती है उन्हें आगे बढ़ने में बाधा होगी।
- ऐसी दुकानें या हरे भरे स्थान जहां केवल कार द्वारा ही पहुँचा जा सकता हैं, जिसका अर्थ है कि जो लोग सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं वे इनका उपयोग नहीं कर सकते हैं (इनमें से अधिकतर अक्सर बुजुर्ग या बेरोजगार होते हैं)।

वैश्विक लक्ष्यों के लिए कार्य करना

एक शिक्षक के रूप में आपके पास छात्रों की 'सकारात्मक ऊर्जा को चैनल करने की शक्ति है और उन्हें यह भरोसा दिलाने की कि वे असहाय नहीं हैं, और बदलाव संभव है और वे ऐसा कर सकते हैं।

परिवर्तन के लिए डिजाइन "मैं कर सकता हूँ" स्कूल चुनौती बच्चों को कार्रवाई करने के लिए, खुद के लिए परिवर्तन करने और इसे दुनिया भर के बच्चों के साथ साझा करने के लिए आमंत्रित करता है।

शुरूआत करने के लिए www.dfcworld.com पर जाऐं।

युवाओं द्वारा स्वयं कार्रवाई करने के लिए डिज़ाइन फॉर चेन्ज पाठ या एक सामान्य सलाह पैक डाउनलोड करने के लिए **www.globalgoals.org/ worldslargestlesson** पर जाऐं।

DESIGN for CHANGE

महत्वपूर्ण!

इस पाठ को पढ़ाने से पहले देखें कि क्या आपका छात्र ऐसी किसी भी असमानता से प्रभावित है। यह संवेदनशील विषय हैं और इस पर खुले तौर पर और प्रसन्नता के साथ चर्चा करने के लिए आपको कक्षा में अपने सभी छात्रों के लिए एक 'सुरक्षित' माहौल सुनिश्चित करना होगा।

यह पाठ दुनिया में मौजूद कई प्रकार की असमानताओं का एक परिचय है। इन स्थितियों का वर्णन रूढ़िवादी तरीके से करना आसान हो सकता है। सक्रिय रूप से किसी भी रुढ़िवादी विचार को तोड़ने का प्रयास करें, क्योंकि इससे वे इन पर "चलने" से दूर रहेंगे। उन्हें याद दिलाऐं कि असमानता क्यों मौजूद है इस बात में बहुत जटिलताऐं हैं, और लोगों को इनके साथ जीना कैसा होता होगा।

जब आप यह पाठ पढ़ाते हैं और खासकर जब आप सही और गलत अध्ययन गतिविधि को पूरा करते हैं, तब यह समझाना सुनिश्चित करें कि यह असमानताऐं मौजूद हैं क्योंकि हमारे समाज में गरीब, अफ्रीकी, अमेरिकियों और हिस्पैनिक्स, विकलांगों, महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य समूहों के प्रति भेदभाव हो रहा हैं।

सुनिश्चित करें कि छात्र असमानता को हीनता या रूढ़िवादिता के साथ न जोड़ें।

सुनिश्चित कर कि जब आप इन भेदभावपूर्ण प्रणालियों का वर्णन या उन पर चर्चा करें, तो यह स्पष्ट करें कि वे लोग जो कि ऐतिहासिक दृष्टि से उपेक्षित समूहों का हिस्सा रहे हैं उनमें से बहुत से लोगों ने सकारात्मक तथ्य और उपलब्धियां हासिल की हैं।

हमारा लक्ष्य है कि सभी छात्र अपनी ताकत का समावेशन करें और सभी असमानताओं को अन्यायपूर्ण और अनुचित रूप में अस्वीकार करें।

मैं समानता के बारे में छात्रों को कैसे पढ़ाता हूँ:

केवल होनहार लोगों के पास इसका जवाब है

एग्नेस अर्नोल्ड-फोरस्टर ने उनका सबसे अच्छा पाठ साझा किया है, जिसमें शिष्यों को चॉकलेट देकर अन्याय और समानता के बारे में बहस में संलग्न किया जाता है।

कोई भी व्यक्ति जिसके बच्चे हों या जिसे उनके साथ रहने का अनुभव हो, उसे पता चल जाएगा कि उनमें अन्याय का पता लगाने की क्षमता अत्यधिक विकसित होती है – "लेकिन यह उचित नहीं है" पर वह नियमित रूप से अड़ जाते हैं। हालांकि हम उनके इस प्राकृतिक स्वभाव को समानता की प्रकृति के बारे में उत्पादक और महत्वपूर्ण चर्चा में निष्पक्षता के लिए, जिनसे उचित व्यवहार का गठन होता है, और जो इस तरह के मानकों को परिभाषित करते हैं, उसमें बहुत कम उपयोग करते हैं।

ब्रिलिएंट क्लब के हिस्से के रूप में, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो पीएचडी छात्रों को प्रशिक्षित करके उन्हें गैर चयनात्मक सरकारी स्कूलों और छठे फॉर्म कॉलेजों में होनहार विद्यार्थियों के छोटे समूहों को विश्वविद्यालय शैली प्रशिक्षण देने के लिए भेजता है, मैंने हाल ही में रॉमफोर्ड में दो स्कूलों से 5 और 6 साल के विद्यार्थियों के चार छोटे-छोटे समूहों को पढ़ाया। इसका उद्देश्य, चोटी के विश्वविद्यालयों तक पहुंच को बढ़ाना, आकांक्षाओं को बढ़ाना, और शैक्षिक त्रुटियों को संबोधित करना है। पीएचडी के छात्र के रूप में, मुझे 20 साल के बच्चों को पढ़ाने का कुछ अनुभव था - जिनकी अपनी अलग चुनौतियां होती हैं – लेकिन 9 और 10 साल के बच्चों को संलग्न करने का कोई अनुभव नहीं था।

यह पाठ एक महत्वपूर्ण चरण 2 कार्यक्रम पर आधारित है जो कि निष्पक्षता, समानता और सामाजिक न्याय के बारे में सोचने के कई तरीकों के बारे में खोज करता है। इसे विश्वविद्यालय शैली की सेमिनार के रूप में पढ़ाने के लिए तैयार किया गया है, इसलिए हमने बातचीत करने के लिए कुछ दिशा निर्देश बनाने के द्वारा शुरूआत की: जब कोई और बोल रहा है तब सम्मानपूर्ण शांति रखना, एक सभ्य तरीके से असहमति जताना, और इस विशेष संदर्भ में मैंने सुझाव दिया कि अपने विचारों को साझा करने के लिए हाथ ऊपर करने की आवश्यकता नहीं थी। हालांकि, यदि छात्र अन्य नियमों का पालन नहीं करते हैं तो यह अंतिम विशेषाधिकार आसानी से रद्द किया जा सकता है।

मैंने कुछ मिठाइयाँ बांटकर पाठ शुरू किया – सबसे अच्छा है कि आप उस तरीके का उपयोग करेंगे जो उसके बारे में आदेशपूर्ण हों अन्यथा आपको दुनियाभर की आलोचना सुननी पड़ेगी। मैंने तेज़ बच्चों को चुना। कुछ बच्चों को 15 दिए गए, और दूसरों को केवल एक ही। मैंने खुद के लिए अधिकतर सवाल रखे। क्या यह उचित था? वे दहशत में चीखे। मैंने उनको दी गई मात्रा के बारे में उनकी भावनाओं को नोट करने को कहा। कुछ "परेशान", "दुखी" और "गुस्सा" थे। जबकि दूसरे "प्रसन्न" और "खुश" थे। कुछ धर्मपरायण बच्चे खुद को काफी मिलने के उपरांत भी "निराश थे" क्योंकि वितरण अनुचित था।

मैंने पूछा कि हम इसे निष्पक्ष रूप से कैसे बांट सकते हैं। वे सभी इस बात पर सहमत थे कि प्रत्येक को एक समान संख्या में ही मिलना चाहिए। अभी तक तो उम्मीद के मुताबिक: समानता का मतलब है निष्पक्षता। इस सरल प्रारूप को उचित व्यवहार की व्याख्या करने के अन्य तरीकों का परीक्षण करने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। किन स्थितियों में असमानता निष्पक्षता के लिए एक बेहतर सादृश्य हो सकती है?

मैंने समूह को बीच से विभाजित किया – एक तरफ "बच्चे" और दूसरी तरफ "वयस्क" थे। स्मार्टी आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा किसे मिलना चाहिए? सुझाव विविध थे, लेकिन ज्यादातर ने इस पर सहमति व्यक्त की कि बच्चों को अधिक मिलना चाहिए क्योंकि उन्हें वे अधिक चाहिए था। वयस्क, अन्य बातों में रुचि रखते थे, जैसे काम और कंप्यूटर, और स्कूल में अपने बच्चे की प्रगति। निष्पक्षता का वास्तव में अर्थ बराबर खुशी है, न कि समान वितरण।

तो मैंने "वयस्कों" को पैसे दे दिए और स्मार्टी की कीमत एक पैसा ऊँची कर दी। संकेत आक्रोश। जब बच्चों के पास पैसे थे ही नहीं, तो उनसे भुगतान करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है?

हमने परिदृश्यों को कुछ और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाया। मैंने उन सभी को वयस्क बनाया, लेकिन केवल आधे लोगों के पास ही मिठाई खरीदने के लिए पैसे थे। क्या यह उचित था? पहली बार मुझे असहमति की राय मिली

कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि वे लोग जिनके पास पैसा था, उन्होने इसके लिए काम किया होगा, इसलिए वे इसके अधिक पात्र थे। दूसरों ने दावा किया कि मैंने मनमाने ढंग से पैसा दिया था और हमें नहीं पता था कि उन्होंने कड़ी मेहनत की थी, या उन्हें सिर्फ एक अनुचित लाभ दिया गया था।

कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि खर्च करने की शक्ति की पर ध्यान दिए बिना, सभी को समान स्मार्टी मिलनी चाहिए। या शायद, क्या हर किसी को एक न्यूनतम मात्रा प्राप्त होनी चाहिए, जिनमें से कुछ भाग्यशाली लोग अतिरिक्त खरीद कर उनकी आपूर्ति को पूरी करने में सक्षम हों?

इन विभिन्न स्मार्टी-परिदृश्यों की वास्तविक जीवन की समस्याओं के साथ कुछ स्पष्ट समानताएं है, और यह छात्रों को इनसे जोड़ने के लिए थोड़ा उकसाना पड़ा। हमने बचपन के बारे में बात की – अपने माता पिता की तुलना में समाज में उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में। हमने समूह सद्भाव के लिए अपनी खुशी का त्याग करने पर चर्चा की और काम के मूल्य पर बहस की– क्या यह इनाम का हकदार है। हमने लोगों की विभिन्न आवश्यकताओं और इच्छाओं के बारे में और गरीबी के बारे में बात की। हमने इस बात पर भी बहस की कि क्या निष्पक्षता समाज का सबसे महत्वपूर्ण पहलू था। क्या चीज़ों को निष्पक्ष बनाने में कभी कभी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से समझौता करना पड़ता है? क्या हम अपने इस छोटी समूह चर्चा को व्यापक दुनिया के लिए लागू कर सकते हैं?

इस पाठ का उद्देश्य जवाब देना नहीं है, बल्कि बहस उकसाना है। यह बच्चों के साथ बहुत सफल रहा – उन्होंने बहुत बातें कीं और वे उत्साहित थे। कभी कभी चर्चा मामूली अव्यवस्था में तब्दील हो गई (निस्संदेह चीनी मिलने की निकटता से) क्योंकि आवाज़ें ऊँची हो गईं और एक दूसरे के बीच में न बोलने के नियम को भूला दिया गया, यह जुनून उत्पादक था और उन्होंने असाधारण रूप से परिष्कृत व्याख्याऐं कीं। फिर भी, यह पाठ पूरी कक्षाओं के बजाय छोटे समूहों के लिए बेहतर अनुकूलित हो सकता है।

इस पाठ के बारे में विशेष रूप से दिलचस्प बात यह है कि यह शायद एक अलग नाटकीय रूप ले सकता है, जो कि स्कूल और आपकी कक्षा में विद्यार्थियों के ऊपर निर्भर करता है। युवा छात्र असामाजिक प्राणी नहीं होते हैं: वह अपने विशेष सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों से सूचित होते हैं– स्पष्ट रूप से ज्यादातर अपने माता-पिता से। यह सब हमारी बातचीत के माध्यम से मालूम हुआ। चाहे परिस्थिति कुछ भी हो, फिर भी यह पाठ छात्रों को उन विचारों और विश्वासों के बारे में बात करने और उन पर सवाल उठाने का मौका देता है, जिन पर शायद पहले उन्होंने विचार नहीं किया था। उन्होंने अन्याय की अपनी व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर उठ कर पूरे समाज के बारे में एक समझ को अनुभव किया। यह पाठ उन्हें अपने स्वयं के मूल्यों को स्थापित करने और यह सोचने कि ये समाज द्वारा लागू मूल्यों के विरुद्ध कैसे हैं, इसका एक तरीका है।

सही या गलत?

1. दुनिया के 85 सबसे अमीर लोगों के पास उतना धन है जितना सारे मनुष्यों में आधे सबसे गरीब लोगों, 3.5 अरब लोगों, के पास कुल मिलाकर है।

2. 2009 में, अफ्रीकी अमेरिकी परिवारों की औसत मूल्य राशि $ 5677 और हिस्पैनिक परिवारों की $ 6325 की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका में श्वेत परिवारों की औसत राशि $ 113,149 थी।

3. 80% विकलांग लोग कम विकसित देशों में रहते हैं।

4. अधिकतर विकसित देशों में, विकलांग लोगों के लिए बेरोजगारी की दर, उन लोगों की तुलना में कम से कम दोगुनी होती है, जिनमें कोई विकलांगता नहीं है।
5. लैटिन अमेरिका में 80-90% विकलांग व्यक्ति बेरोजगार हैं या कार्य बल के बाहर हैं। जिनके पास नौकरी है उनमें से अधिकतर लोगों को बहुत कम या कोई वेतन प्राप्त नहीं मिलता है।
6. 2040 तक, यह अनुमान लगाया गया है कि एक चौथाई से अधिक यूरोपीय लोग कम से कम 65 वर्ष की उम्र के होंगे।

7. ब्रिटेन में 16-24 आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी की दर 14.4% है। समग्र बेरोजगारी की दर 5.7% है।

8. वैश्विक स्तर पर महिलाऐं संसद की कुल सीटों में से एक चौथाई से भी कम पर उपस्थित हैं।

9. ब्रिटेन में पुरुषों की तुलना में दोगुनी महिलाऐं राज्य लाभ पर निर्भर हैं।

10. ब्रिटेन में गरीबी में रहने वाले पेंशनरों में दो तिहाई महिलाएं हैं।

11. यूरोप में, उन गरीब लोगों की तुलना में जो हरे खुले स्थानों का उपयोग नहीं कर पाते हैं, हरे खुले स्थानों के आसान उपयोग के कारण अमीर और गरीब लोगों के स्वास्थ्य में असमानता लगभग 40% तक कम हो जाती है।

12. संयुक्त राज्य अमेरिका में, सार्वजनिक परिवहन के करीब रहने वाले लोगों की प्रति वर्ग मील तीन गुना नौकरियों तक पहुँच अधिक है।

सही या गलत?

दुनिया के 85 सबसे अमीर लोगों के पास उतना धन है जितना सारे मनुष्यों में आधे सबसे गरीब लोगों, 3.5 अरब लोग, के पास कुल मिलाकर है।

सही। 2014 में ऑक्सफेम ब्रिटेन की एक रिपोर्ट से लिया गया। आप यहाँ उनकी रिपोर्ट के बारे में अधिक पढ़ सकते हैं: http://www.theguardian.com/business/2014/jan/20/oxfam-85-richest-people-half-of-the-world

2009 में, अफ्रीकी अमेरिकी परिवारों की औसत मूल्य राशि $ 5677और हिस्पैनिक परिवारों की $ 6325 की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका में श्वेत परिवारों की औसत राशि $ 113,149 थी।

सही। http://inequality.org/99to1/facts-figures/

80% विकलांग लोग कम विकसित देशों में रहते हैं।

सही। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम. http://www.disabled-world.com/disability/statistics/

अधिकतर विकसित देशों में, विकलांग लोगों के लिए बेरोजगारी की दर, उन लोगों कीतुलना में कम से कम दोगुनी होती है, जिनमें कोई विकलांगता नहीं है।

सही। व्यापार विकलांगता फोरम। http://businessdisabilityforum.org.uk

लैटिन अमेरिका में 80-90% विकलांग व्यक्ति बेरोजगार हैं या कार्य बल के बाहर हैं। जिनके पास नौकरी है उनमें से अधिकतर लोगों को बहुत कम या कोई वेतन प्राप्त नहीं मिलता है।

सही। विश्व बैंक, 'विकलांगता और समावेशी विकास: लैटिन अमेरिका और कैरेबियन', 2004.

2040 तक, यह अनुमान लगाया गया है कि एक चौथाई से अधिक यूरोपीय लोग कम से कम 65 वर्ष की उम्र के होंगे।

सही। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो, 2008. http://www.efa.org.uk/pages/older-people-global-perspective-.html

ब्रिटेन में 16-24 आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी की दर 14.4% है। समग्र बेरोजगारी की दर 5.7% है।

सही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, 2015. http://www.theguardian.com/society/2015/feb/22/youth-unemployment-jobless-figure

वैश्विक स्तर पर महिलाऐं संसद की कुल सीटों में से एक चौथाई से भी कम पर उपस्थित हैं।

सही। अंतर-संसदीय संघ, 2015. http://www.theguardian.com/global-development/datablog/2015/mar/08/international-womens-day- number-of-female-lawmakers-doubles-in-20-years

ब्रिटेन में पुरुषों की तुलना में दोगुनी महिलाऐं राज्य लाभ पर निर्भर हैं।

सही। मोरडांट एट अल, 'चार में से एक', 2003.

ब्रिटेन में गरीबी में रहने वाले पेंशनरों में दो तिहाई महिलाएं हैं।

सही। मोरडांट एट अल, 'चार में से एक', 2003.

यूरोप में, उन गरीब लोगों की तुलना में जो हरे खुले स्थानों का उपयोग नहीं कर पाते हैं, हरे खुले स्थानों के आसान उपयोग के कारण अमीर और गरीब लोगों के स्वास्थ्य में असमानता लगभग 40% तक कम हो जाती है।

सही। पर्यावरण पर अनुसंधान के लिए केंद्र, सोसायटी और स्वास्थ्य, 2015.

http://fashion.telegraph.co.uk/article/TMG11551673/How-green-spaces-stop-the-wealth-gap-becoming-the-health-gap.html

संयुक्त राज्य अमेरिका में, सार्वजनिक परिवहन के करीब रहने वाले लोगों की प्रति वर्ग मील तीन गुना नौकरियों तक पहुँच अधिक है।

सही। अमेरिकन पब्लिक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, 2013.
http://www.apta.com/resources/statistics/Documents/NewRealEstateMantra.pdf

मेरा मानना है कि पुरुषों और महिलाओं के लिए समानता बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि महिलाऐं लोगों का आधा हिस्सा होती हैं, लेकिन अक्सर उन्हें पुरुषों की तुलना में कम भुगतान किया जाता है, सरकारों में उनका प्रतिनिधित्व कम होता है और पुरुषों की तुलना में कम शिक्षा प्राप्त होती हैं।

महिलाओं की सफलता में आने वाली बाधाओं को हटाना चाहिए।

लोरेंजो, समानता प्रचारक

मेरा मानना है कि सभी पृष्ठभूमि और जातियों के लोगों के लिए समानता महत्वपूर्ण है क्योंकि सभी लोगों को जीवन में समान अवसर मिलना चाहिए और जानें कि उनके साथ निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाएगा, चाहे वे कहीं से भी हों, उनकी त्वचा का रंग कुछ भी हो या उनकी आस्था कुछ भी हो।

हेट्टी , समानता प्रचारक

मेरा मानना है कि लोगों के लिए समानता महत्वपूर्ण है चाहे वह विकलांग हैं या नहीं, क्योंकि हर किसी को स्कूल जाने, और काम करने और उनके स्थानीय पर्यावरण में आने जाने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। सभी लोग हमारे समाज के लिए योगदान कर सकते हैं।

चक, समानता प्रचारक

मेरा मानना है कि सभी उम्र के लोगों के लिए समानता महत्वपूर्ण है क्योंकि सभी उम्र के लोग हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकते हैं। युवा एवं वृद्ध लोगों के पास वह कौशल है जिसकी हमें आवश्यकता है। हमें सभी लोगों के लिए अवसर प्रदान करने हैं और सुनिश्चित करना है कि कोई भी छूटे नहीं।

संजय, समानता प्रचारक

मेरा मानना है कि सभी लोगों के लिए शिक्षा की पहुँच होना महत्वपूर्ण है चाहे वह कोई भी हो या कहीं भी रहता हो, क्योंकि हर किसी को सीखने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का अधिकार है, और यदि हर किसी के पास बुनियादी कौशल है और हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकता है तो इससे हम सभी को लाभ होगा।

इसाबेला, समानता प्रचारक

मेरा मानना है कि सभी के लिए पार्क एवं हरे भरे स्थानों का उपयोग कर पाना महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी को आराम करने, व्यायाम करने और आनंद लेने के लिए जगह की आवश्यकता होती है।
इन स्थानों को अमीर लोगों तक ही सीमित नहीं किया जाना चाहिए। एक स्वस्थ और खुशहाल समाज से हर किसी को लाभ होता है। बोनस यह है कि हरे खुले स्थान पर्यावरण में भी सहायता करते हैं!

माई, समानता प्रचारक

"मेरा मानना है कि सभी मनुष्य स्वतंत्र पैदा होते हैं और गरिमा और अधिकारों में बराबर होते हैं। सभी बिनी किसी भेदभाव के अधिकार पाने का हकदार है। यही बात मानवाधिकार और अन्य अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों की सार्वभौम घोषणा में कही गई है। यदि हम सभी एक दूसरे के मानव अधिकारों का सम्मान करें तो यह दुनिया एक बहुत न्यायपूर्ण जगह बन जाएगी।"

मैरी, समानता प्रचारक

लैंगिक समानता तथ्य शीट

शिक्षा

सभी बच्चों को किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना, उत्कृष्ट शिक्षा का अधिकार है। लेकिन, वास्तव में लड़कियों की शिक्षा के लिए पहुँच बराबर नहीं है, शिक्षा के उपयोग में लिंग अंतराल कम हुआ है, लेकिन शिक्षा के सभी स्तरों में क्षेत्रों के बीच असमानता अभी भी है, विशेष रूप से सबसे अलग और सबसे अधिकारहीन क्षेत्रों में। प्राथमिक स्कूल में उपस्थिति के संबंध में सभी विकासशील क्षेत्रों में काफी प्रगति हुई है। हालांकि, लड़कियों को अभी भी शिक्षा के लिए बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, विशेष रूप से उत्तरी अफ्रीका, उप-सहारा अफ्रीका और पश्चिमी एशिया में। हालांकि उप-सहारा अफ्रीका में अब काफी लड़कियां स्कूल जाती हैं, लेकिन प्राथमिक विद्यालय में प्रत्येक 100 लड़कों पर केवल 93 लड़कियां नामांकित होती हैं।

माध्यमिक और विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा के उपयोग में अत्यधिक असमानता बनी हुई है। पश्चिमी और दक्षिणी एशिया में काफी लाभ हुआ है, हालांकि इन क्षेत्रों में लड़कियों के लिए परिस्थियां अभी भी प्रतिकूल बनी हुई हैं। ये असमानताऐं विश्वविद्यालय स्तर पर सबसे अधिक होती हैं। दक्षिणी एशिया में, 100 लड़कों पर केवल 77 लड़कियां तृतीयक शिक्षा के क्षेत्र में नामांकित होती हैं। स्थिति, उप-सहारा अफ्रीका में सबसे चरम है, जहां नामांकन में लैंगिक अंतर वास्तव में बढ़ गया है जो 2000 में प्रति 100 लड़कों पर 66 लड़कियों की तुलना में 2011 में प्रति 100 लड़कों पर 61 लड़कियां रह गया है।

रोज़गार

कृषि क्षेत्र के बाहर भुगतान वाले रोजगारों में महिलाओं की हिस्सेदारी 1990 और 2010 के बीच 35% से धीरे-धीरे बढ़ कर 40% हो गई है, हालांकि यह पश्चिमी एशिया, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिणी एशिया में 20% के नीचे ही है।

महिलाओं का श्रम बाजार में प्रवेश अभी भी, शैक्षिक पृष्ठभूमि और कौशल होने के बावजूद, पुरुषों के समान नहीं है। उन्हें अक्सर असुरक्षित रोज़गारों में लगाया जाता है, जिसमें बहुत कम कोई वित्तीय सुरक्षा या सामाजिक लाभ होता है, विशेष रूप से पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका में, जहां महिलाओं के लिए भुगतान पाने के अवसर सीमित होते हैं।

वैश्विक स्तर पर महिलाऐं वरिष्ठ प्रबंधन पदों में से केवल 25% पर हैं।

स्रोत: संयुक्त राष्ट्र http://www.un.org/millenniumgoals/pdf/Goal_3_fs.pdf

आयु समानता तथ्य शीट

एजिज़्म किसी व्यक्ति की उम्र के आधार पर उसके साथ भेदभाव या अनुचित व्यवहार है। यह किसी व्यक्ति के आत्मविश्वास, रोजगार की संभावनाओं, वित्तीय स्थिति और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है।

इसमें मीडिया में जिस तरह से वृद्ध लोगों को प्रस्तुत किया जाता है उसे भी शामिल किया जा सकता है जिससे जनता के नज़रिए पर एक व्यापक प्रभाव पड़ता है।

बड़ी उम्र के लोग यह अनुभव कर सकते हैं...

- उनकी उम्र के कारण नौकरी खो देना।
- उनकी उम्र के कारण ब्याज-मुक्त ऋण, नया क्रेडिट कार्ड, कार बीमा या यात्रा बीमा से इनकार।
- बड़े लोगों के प्रति संस्था के रवैये के कारण किसी दुकान या रेस्तरां में कम गुणवत्ता की सेवा प्राप्त होना।
- उम्र की सीमाओं के कारण वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं होना।
- एक सलाहकार के लिए किसी डॉक्टर द्वारा सिफ़ारिश देने से इनकार करना, क्योंकि आप 'बहुत वृद्ध' हैं।
- आपकी उम्र के कारण किसी क्लब या व्यापार संघ की सदस्यता देने से इनकार कर देना।

ये सभी स्थितियां एजिज्म के उदाहरण हैं। इन स्थितियों में से कुछ के खिलाफ कानून के द्वारा आपकी रक्षा की जाती है, लेकिन सभी के खिलाफ नहीं।

स्रोत: आयु संयुक्त राष्ट्र
http://www.ageuk.org.uk/work-and-learning/discrimination-and-rights/what-is-ageism/

क्षमता समानता तथ्य शीट

दुनिया भर में लगभग एक अरब विकलांग लोगों हैं, जिसमें से 80% लोग विकासशील देशों में रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून में यह स्पष्ट है कि क्षमता या विकलांगता की परवाह किए बिना सभी लोगों के मानव अधिकार समान हैं। हालांकि विकलांग लोग समाज में सामान्य रूप से सबसे गरीब होते हैं, जो सभी स्तरों पर सामाजिक बहिष्कार और भेदभाव का सामना करते हैं।

विकलांग लोग दुनिया की आबादी के 15% का प्रतिनिधित्व करते हैं।

शिक्षा में

विकलांग बच्चे एवं युवा लोग विश्व भर में समाज में सबसे अधिक वंचित और संवेदनशील होते हैं। उन्हें अक्सर सामाजिक जीवन में भागीदारी से अलग रखा जाता है, और वे उपेक्षा और दुर्व्यवहार के लिए अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। विकलांग बालिकाऐं उनके परिवारों और समुदायों के भीतर अधिकारहीन हो जाती हैं और उन्हें पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के कारण दोहरे भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है।

काम में

हम सब की तरह, विकलांग लोगों को भी जीविका कमाने, उनके परिवारों को सहारा देने में योगदान करने और उनके आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए रोजगार की आवश्यकता होती है। फिर भी 20% से भी कम लोग ही वर्तमान में कार्यरत हैं।

समाज में

समावेशी शिक्षा और काम के माध्यम से अपने समुदायों में शामिल किया जाना ही पूरी तरह से विकलांग लोगों को एकीकृत करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। सूचना, अवकाश, इमारतों, तथा आधारभूत सुचनाओं तक उनकी पहुँच भी महत्वपूर्ण है। विकलांग लोगों को अपने घरों, और सार्वजनिक स्थलों और सार्वजनिक इमारतों (पुस्तकालयों, मतदान केंद्रों, स्कूलों, खेल मैदान, स्वास्थ्य केन्द्रों, आदि) में भी प्रवेश करने और वहां चलने फिरने में सक्षम होने चाहिए। एक सुलभ वातावरण बच्चों और बुजुर्गों जैसे कम गतिशीलता वाले लोगों के लिए भी लाभदायक होता है।

स्रोत: हैंडीकैप इंटरनेशनल
http://www.handicap-international.org.uk/what_we_do

नस्ल और जातीयता समानता तथ्य शीट

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून में यह स्पष्ट किया गया है कि लोगों की जातीय या नस्लीय पहचान की परवाह किए बिना सभी के लिए मानव अधिकार समान हैं। हालांकि, जातीय असमानता - जातीय अल्पसंख्यक समूहों द्वारा नुकसान का महसूस होना-दुनिया भर में मौजूद है।

कम विकसित देश

दुनिया भर में जातीयता और पेशे के बीच एक संबंध है, जिसमें कुछ पेशों को न सिर्फ कम प्रतिष्ठा वाला माना जाता है, बल्कि वे कम पारितोषिक के साथ कम वेतन वाले होते हैं। भारतीय जाति व्यवस्था इसका एक उदाहरण है। 1950 में अस्पृश्यता और चरम अलगाव के अभ्यास पर प्रतिबंध लगने के साथ - जाति व्यवस्था में स्पष्ट रूप से पिछले कुछ दशकों में काफी बदलाव आया है– **लेकिन** अभी भी शौचालय साफ करने के लिए दलितों की संभावना अन्य समूहों की तुलना में बहुत अधिक होती है, और उनकी एक ऊंची जाति के हिंदू के लिए खाना बनाने की संभावना न के बराबर होती है।

जहां सामान्य गरीबी दर घट रही हैं, वहीं भारत में, कुछ समूहों के लिए गरीबी की दर सामान्य तौर पर अधिक हैं, जिसमें आदिवासी (या 'कबायली' लोग, जिनमें से 45% ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में रहते हैं और 27% शहरी क्षेत्रों में रहते हैं), दलित (पूर्व अछूत, जिनमें से 34%ग्रामीण गरीबी में रहते हैं, और 22%शहरी गरीबी में) और मुसलमान (27% ग्रामीण, 23% शहरी)। 2011/12 में ऊंची जाति के हिंदुओं के बीच गरीबी की दर ग्रामीण क्षेत्रों में 16% और शहरी क्षेत्रों में सिर्फ 8% थी।

अधिक विकसित देश

अन्य देशों में जातीय असमानता के कारण से आर्थिक और राजनीतिक समस्याऐं भी स्पष्ट हैं। अधिकांश यूरोपीय देशों में, नए प्रवासी अक्सर असुरक्षित या यहां तक कि शोषक परिस्थितियों में, और कम वेतन वाली नौकरियों में काम करते हैं जिन्हें वहाँ के मूल निवासी तुच्छ समझते हैं।

हम जानते हैं कि ब्रिटेन में श्वेत ब्रिटिश और जातीय अल्पसंख्यक लोगों के बीच रोजगार में 12% का अंतर है। यह ब्रिटेन के श्रम बाजार में लगभग 500,000 "लापता" श्रमिकों के बराबर है। कार्य और पेंशन विभाग के आंकड़े दर्शाते हैं कि 2013 में युवा अश्वेत, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी श्रमिकों के लिए बेरोजगार दर 45% थी, और श्वेत लोगों कि लिए यह आंकड़ा 19% था। अन्य यूरोपीय देश भी ऐसी ही चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, चाहे वह नए प्रवासियों के लिए कम मजदूरी और भेदभाव से संबंधित हो, या फिर यूरोप में जन्मे दूसरी और अब तीसरी पीढ़ी के जातीय अल्पसंख्यकों पर इस भेदभाव का जारी प्रभाव हो।

स्रोत: गार्जियन वेबसाइट
http://www.theguardian.com/public-leaders-network/2015/jan/20/ethnic-inequality widespread-global-economy

हरे खुले स्थानों के उपयोग की तथ्य शीट

खराब गुणवत्ता के वातावरण के संपर्क में रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य, अच्छी गुणवत्ता वातावरण का आनंद लेने वाले लोगों की तुलना में खराब होने की संभावना अधिक होती है।

हरे खुले स्थानों के संपर्क में रहने वाले सभी समूहों में मृत्यु दर कम होती है।

सामानयत: खुले स्थान सामुदायिक गतिविधियों, सामाजिक संपर्क, शारीरिक गतिविधियों और मनोरंजन के लिए एक मंच प्रदान करता है, साथ ही सामाजिक अलगाव को कम करते हैं, सामुदायिक सामंजस्य में सुधार, और स्वास्थ्य के व्यापक निर्धारकों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, सामाजिक पूंजी - जैसे स्वयं सेवा, सामुदायिक भरोसा और स्थानीय सुरक्षा- और स्वास्थ्य, जिसमें 65 से अधिक उम्र के लोगों में मनोभ्रंश और संज्ञानात्मक कमी के खिलाफ रक्षात्मक कारक शामिल हैं, के बीच संबंध के प्रमाण उपस्थित हैं, जो कि सामाजिक भागीदारी और सामुदायिक सशक्तिकरण से जुड़े हैं।

हरे खुले स्थानों के इस्तेमाल से जुड़े स्वास्थ्य लाभों पर साक्ष्य व्यापक हैं, जिसमें सामान्य स्वास्थ्य, उच्च स्तर की शारीरिक गतिविधियों के साथ जुड़े स्वास्थ्य लाभ, बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के साथ सकारात्मक संबंध, साथ ही बेहतर गुणवत्ता के वातावरण के सकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव शामिल हैं।

हरे स्थान, कुल मिलाकर एक स्वास्थ्यवर्धक पर्यावरण प्रदान करने में सहायता प्रदान करता है, जिसका स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ने की संभावना होती है। अनुसंधान इंगित करता है कि हरे स्थान, परिणामी स्वास्थ्य लाभ के साथ साथ एक क्षेत्र के पर्यावरण की गुणवत्ता में भी सुधार कर सकते हैं: हवा और पानी की गुणवत्ता में सुधार और शोर अवशोषण, पर्यावरण के कुछ लाभ हैं जो हरे स्थान प्रदान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हरे खुले स्थान, अत्यधिक वर्षा जल के अवशोषण को बेहतर बना कर सकते हैं, क्योंकि वनस्पति वर्षा जल को अवरोधित करती है, जिससे अधिक वाष्पन-उत्सर्जन होता है और सतही जल कम बहता है जिसके फलस्वरूप बाढ़ और सीवेज ओवरफ्लो की संभावना कम हो जाती है, साथ ही ये जैव विविधता की रक्षा करते हैं और पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ाते हैं।

स्रोत: स्वास्थ्य इक्विटी का यूसीएल संस्थान
http://www.instituteofhealthequity.org/projects/improving-access-to-green-spaces